## संक्षिप्त समाचार

### सेवरही चीनी मिल में पेराई शुरू

**तमकुहीरोड।** सेवरही चीनी मिल में मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर्ष 2025-2026 का पेराई सत्र शुरू किया गया। पिछले पेराई सत्र में चीनी मिल ने 131 दिन चलकर 71.70 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर बंद हुई थी। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक संजय कुमार श्रीवास्तव, गन्ना महाप्रबंधक डॉ. रामवीर सिंह, उप गन्ना महाप्रबंधक पीएन शाही, केन यूनियन के चेयरमैन धीरेंद्र उर्फ राजू राय, गन्ना सचिव हरीशचंद्र चौधरी और अन्य गन्ना अधिकारियों ने डोंगा, कंप्युटराईज्ड कांटा व कारखाने की विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र सिंह कुशवाहा व तमकुहीराज की एसडीएम आकांक्षा मिश्रा ने मिल के डोंगा में गन्ना डालकर पेराई सत्र शुरू कराया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्र, जिला गन्ना अधिकारी हुदा सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

### ओवरलोडिंग पर चला एसडीएम का चाबुक, चार ट्रक सीज

**फतेहपुर।** संगोलीपुर मड़इयन खदान से ओवरलोड बालू भरे ट्रकों को निकाले जाने का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार ने राजस्व टीम के साथ मंगलवार को किशनपुर मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कर ओवरलोड बालू भरे दो ट्रक और दो डंपर सीज कर दिए। इन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। उप जिलाधिकारी ने चेकिंग के दौरान मौरंग लदे वाहनों को रोका और उनके कागजातों की जांच की। जांच के दौरान उन वाहनों को जाने दिया गया जिन पर रवाना के मुताबिक मौरंग लदी हुई थी। इस दौरान दो ट्रक और दो डंपर ओवरलोड मौरंग भरे पाए गए। चारों वाहनों को किशनपुर और विजयीपुर थाने पर खड़ा कराते हुए सीज कर दिया गया। वहीं कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद तमाम ट्रक चालक अपने वाहनों को यहां-वहां खड़ा कर मौके से भाग गए।

### स्टीमर सवार यात्रियों से हो रही अवैध वसूली, बाज नहीं आ रहे संचालक

**अमौली।** प्रशासन ने पीपा पुल टूटने के बाद यात्रियों की सुविधा के लिए निशुल्क स्टीमर सेवा शुरू की है और इसके संचालन में प्रतिमाह करीब तीन लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने व्यवस्था को सुरक्षित और नियमित बनाए रखने के लिए निगरानी भी रखी है लेकिन इसके बावजूद स्टीमर संचालक इस सुविधा का फायदा उठाकर यात्रियों और उनकी बाइक से 10-10 रुपये की अवैध वसूली कर रहे हैं। क्षेत्र के बारा घाट से यमुना नदी पार करने के लिए संचालित स्टीमर में प्रतिदिन करीब 15 हजार रुपए की वसूली की जा रही है। जबकि पीडब्ल्यूडी द्वारा स्टीमर संचालन के लिए प्रतिदिन लगभग 10 हजार रुपए लेबर और डीजल के खर्च के रूप में दिए जाते हैं। यात्री बताते हैं कि सुबह से शाम तक उन्हें स्टीमर पर चढ़ने के लिए पैसे देने पड़ते हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन और पीडब्ल्यूडी को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। स्टीमर संचालन का खर्च सरकारी खजाने से हो रहा है। फिर भी संचालक यात्रियों से अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं। बताया कि स्टीमर संचालकों के लगातार अवैध वसूली से यात्रियों में तनाव और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

### मदरसा बोर्ड के फर्जी सर्टिफिकेट से अग्निवीर बनने का प्रयास, पहला मामला पकड़ा गया

**वाराणसी, एजेंसी।** अग्निवीर भर्ती के दौरान दस्तावेजों की जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ा गया है। सेना के मुताबिक मदरसा बोर्ड के मुंशी का सर्टिफिकेट लगाकर उम्र कम दिखाने का पहला मामला सामने आया है। अभ्यर्थियों ने उम्र और पात्रता सीमा से बचने के लिए फर्जी व मल्टीपल दस्तावेजों का सहारा लिया, लेकिन सेना की तकनीक आधारित जांच में मामला पकड़ लिया गया। अब तक 110 मल्टीपल डॉक्यूमेंट, 15 एनसीसी के सर्टिफिकेट के साथ ही आईटीआई के दस्तावेजों में गड़बड़ियां मिली हैं। सेना के अधिकारियों की जांच में एक युवक 21 वर्ष की सीमा से बाहर मिला था। बार-बार असफल होने के बाद उसने मदरसा बोर्ड से नए सर्टिफिकेट बनवाए और फिर यूपी बोर्ड से इंटर पास कर नया रास्ता तलाशा।

### एलएमएल चौराहे के पास ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**कानपुर, एजेंसी।** कानपुर में मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे, एलएमएल चौराहे से भौंती बाईपास जाने वाले हाईवे सर्विस रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों को हैलट मोर्चरी पहुंचाया है। दोनों की शिनाख्त कानपुर देहात निवासी धनंजय (18) पुत्र शिवपाल और हिमांशु (17) पुत्र राम आसरे के रूप में हुई है। मृतकों के पास से प्राप्त मोबाइल फोन के माध्यम से परिजनों को सूचित किया गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को पुलिस ने मौके पर कब्जे में ले लिया है और चौकी इंडस्ट्रियल एरिया ले जाकर खड़ा कराया गया है।

# बड़ा खुलासा: यूपी के एक करोड़ स्कूली बच्चों का आधार बायोमीट्रिक अपडेशन नहीं, आ सकती हैं समस्याएं



**लखनऊ, एजेंसी।** प्रदेश में अभी एक करोड़ स्कूली बच्चों का आधार बायोमीट्रिक अपडेशन बाकी है। जिन बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेट नहीं होगा उनको भविष्य में दूसरे स्कूलों में प्रवेश लेने, छात्रवृत्ति समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत हो सकती है। एक तय समय के बाद बिना अपडेट आधार निलंबित भी हो सकते हैं। इसलिए बायोमीट्रिक अपडेट करवाना अनिवार्य है।

नियमानुसार पांच वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर बच्चों व किशोर-किशोरियों के आधार में फिंगर प्रिंट, आईरिस और फोटोग्राफ अपडेट करवाना अनिवार्य है। प्रदेश के 2.63 लाख स्कूलों में पढ़ने वाले एक करोड़ बच्चों के आधार में बायोमीट्रिक अपडेट होना बाकी है। इनमें से 4438 स्कूल सिर्फ लखनऊ के हैं। यहां के 2.50 लाख बच्चों का बायोमीट्रिक अपडेशन बाकी है। यूआईडीएआई की तरफ से इसको लेकर जागरूकता शिविर भी जाए जा रहे हैं जिससे सभी को जानकारी हो सके और वो आधार अपडेट करवाएं।

**संदेश को न करें नजरअंदाज:** यूआईडीएआई के अफसरों ने बताया कि जिनका आधार अपडेट होना है उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर संदेश भेजे जा रहे हैं। बच्चों के आधार कार्ड में माता-पिता या अभिभावक के नंबर रजिस्टर्ड हैं तो उनको भी मेसेज भेजे जा रहे हैं। इन संदेशों को नजरअंदाज न करें। आधार कार्ड जरूर अपडेट करवा लें।

**अपडेट करवाने को दी जा रही सहूलियत :** यूआईडीएआई के उपमहानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि स्कूलों में विशेष कैंप लगाए जा रहे हैं। कैंप में बच्चों का आधार निशुल्क अपडेट किया जा रहा है। इसके अलावा आधार को ऑफिस में जाकर भी अपडेट कराया जा सकता है।

**राजधानी के ढाई लाख बच्चों का आधार है अधूरा :** यूपी के एक करोड़ स्कूली बच्चों का आधार अधूरा है। इनके आधार में बायोमेट्रिक अपडेशन बाकी है। लखनऊ में ऐसे स्कूली बच्चों की संख्या करीब ढाई लाख है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के अफसरों के अनुसार, जिन बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट नहीं होगा उनको भविष्य में दूसरे स्कूलों में प्रवेश लेने, छात्रवृत्ति समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। एक तय समय के बाद बिना अपडेट के बच्चे का आधार निलंबित भी हो सकते हैं। इसलिए प्रत्येक बच्चे का बायोमेट्रिक अपडेट करवाना अनिवार्य है।

नियमानुसार पांच वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर बच्चों व किशोर-किशोरियों के आधार में फिंगर प्रिंट, आईरिस और फोटोग्राफ अपडेट करवाना अनिवार्य है। प्रदेश के 2.63 लाख स्कूलों में पढ़ने वाले चार करोड़ बच्चों के आधार में बायोमेट्रिक अपडेट होना बाकी है। लखनऊ में 4,438 स्कूलों में पढ़ने वाले 2.50 लाख बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट पेंडिंग है। यूआईडीएआई की तरफ से इसको लेकर जागरूकता शिविर भी लगाए जा रहे हैं जिससे सभी अभिभावकों को इसकी जानकारी हो सके और वो अपने बच्चों का आधार अपडेट करवाएं।

### ओवरब्रिज पर थर्मो प्लास्टिक मार्किंग का कार्य शुरू

**कप्तानगंज।** कस्बा के रेलवे क्रासिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अब थर्मो प्लास्टिक मार्किंग का कार्य शुरू हो गया है। इसके बाद परीक्षण कर ओवरब्रिज से आवागमन शुरू करा दिया जाएगा। पडरौना-कप्तानगंज एनएच-730 मार्ग पर कप्तानगंज के रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण का कार्य एक सप्ताह पहले ही पूरा हो गया था। निर्माण कार्य कर रही कम्पनी ने एनएच गोरखपुर को पत्र भेज कर टेस्टिंग करने के लिए कहा था। मंगलवार को ओवरब्रिज पर थर्मो प्लास्टिक मार्किंग कार्य भी शुरू कर दिया गया। सबकुछ ठीक रहा तो, इस माह के अंत तक ओवरब्रिज से लोगों का आवागमन शुरू करा दिया जाएगा।

कस्बा के गोलू मिश्रा, डॉ. उपेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह, दिवाकर पांडेय, मिथिलेश मिश्रा, माधव सिंह, विनोद गोविंद राव, गौरीशंकर वर्मा, मुलायम खरवार, रामप्रीत गुप्ता आदि लोगों ने कहा कि ओवरब्रिज से आवागमन चालू होने से कस्बा में जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल जाएगी। इससे लोगों का आवागमन में सहूलियत होने के साथ व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी। इस संबंध में एनएच गोरखपुर के अवर अभियंता अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया कि ओवरब्रिज के टेस्टिंग को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस माह के अंत तक आवागमन चालू कर दिया।

# समाज में सहनशीलता की कमी पूरी कर रहा सिविल डिफेंस



**लखनऊ, एजेंसी।** प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घकालिक सोच के तहत नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। जितने लोग आपदा बचाव प्रशिक्षण दूसरों तक पहुंचाएंगे, उतने ज्यादा लोग सिविल डिफेंस से जुड़ेंगे। देश की रक्षा के लिए नागरिकों की यह फौज बल देती है।

सिविल डिफेंस के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन के दौरान मंगलवार को राज्यमंत्री स्वतंत्रप्रभार होमगार्ड, सिविल डिफेंस धर्मवीर प्रजापति ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज हम समृद्ध तो बहुत हैं, लेकिन सहनशीलता में कमी आई है। नागरिक सुरक्षा के जाबांज सिपाही इसी कमी को पूरा कर रहे हैं।

नागरिक सुरक्षा लखनऊ की ओर से गोमतीनगर स्थित आईजीपी में आयोजित स्वयंसेवक क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री को चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा की अगुवाई में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

विशिष्ट अतिथि व सिविल डिफेंस के पुलिस महानिदेशक ध्रुवकांत ठाकुर ने कहा कि नागरिक सुरक्षा निस्वार्थ संगठन है। यह समय-समय पर धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों में सेवा देता है। भारत सरकार की ओर से कराई जा रही ट्रेनिंग सभी के लिए उपयोगी है। चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्र ने लखनऊ में किए गए विस्तार व कामों की जानकारी दी। जेएसओ सुमित मौर्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया। गार्ड ऑफ ऑनर में डिवीजनल वार्डन लोहिया नगर सुनील तिवारी और डिवीजनल वार्डन बीकेटी राजेश सिंह चौहान शामिल रहे। ऋतु राज रस्तोगी, सुनील शुक्ला, हरीश कुमार, नफीस अहमद, डॉ. माथुर, सुनील यादव, रमेश चौहान, मुशीर, रामगोपाल, राजेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# खादी उत्पादों को व्यवसाय बनाने के क्षेत्र में अपार अवसर



**लखनऊ, एजेंसी।** खादी उत्पाद और इनसे जुड़े उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए खादी महोत्सव के पांचवें दिन मंगलवार को क्रेता-विक्रेता सम्मेलन हुआ। इसमें फैशन, बाजार और तकनीकी क्षेत्र के दिग्गजों ने कहा कि खादी उत्पादों को व्यवसाय के तौर पर अपनाने के लिए इस क्षेत्र में अब भी अपार अवसर हैं।

गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विवि परिसर में सजे खादी प्रदर्शनी के मंच पर मुख्य वक्ता व सचिव श्री गांधी आश्रम हजरतगंज देवी प्रसाद शर्मा ने कहा, पीएम मोदी व सीएम योगी के नेतृत्व वाली सरकार खादी को बढ़ावा दे रही है। प्रदर्शनियों से खादी उत्पादों की मार्केटिंग शुरू की गई है।

एनबीआरआई के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र पाल ने कहा कि खादी फैब्रिक पर आर्गेनिक फूलों से तैयार नैचुरल कलर की प्रिंटिंग इसे फैशन की दिशा में मील का पत्थर साबित कर सकती है। इस दिशा में टेक्सटाइल मिनिस्ट्री से एमओयू भी हुआ है। उन्होंने हर्बल गुलाल व ऑर्गनिक सिंदूर बनाने की भी जानकारी दी।

प्रिंसिपल साइंटिस्ट सीमैप राम सुरेश शर्मा ने कहा, हमारे यहां नई टेक्नोलॉजी विकसित की गई हैं। इन्हें अपनाकर ग्रामीण क्षेत्र के युवा नए उद्यम शुरू कर सकते हैं। इंटीग्रल यूनिवर्सिटी में फैशन डिजाइनिंग की असिस्टेंट प्रो. अनुशा मिश्रा ने बताया कि खादी से बेहतर व प्राकृतिक कोई फैबिक्र नहीं है। 70 प्रतिशत कपड़े सिंथेटिक तैयार हो रहे हैं। खादी में नई फैशन डिजाइनिंग का इस्तेमाल हो रहा है। फैबिक्र अच्छा होने से विदेशों में भी खादी की मांग है।

फ्लिपकार्ट के स्टेट हेड अतुल कुशवाहा ने बताया कि फ्लिपकार्ट समर्थ के जरिये हम खादी से जुड़े उद्यमियों को रजिस्ट्रेशन से लेकर अन्य प्रक्रियाएं निशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। प्रदेश सरकार में पूर्व विशेष सचिव रहे योगेंद्र त्रिपाठी, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।

# निष्काम कर्म ही सच्ची भक्ति : किरीट भाई



**लखनऊ, एजेंसी।** बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक किरीट भाई ने भक्त प्रहलाद की कथा के साथ मानव जीवन में आध्यात्मिक व सांसारिक कर्तव्यों का बोध कराया। उन्होंने कहा कि निष्काम कर्म ही सच्ची भक्ति है। इस दौरान भक्तिपूर्ण सुरीले गीतों पर महिला श्रद्धालु भक्तिभाव से झूमने लगीं।

किरीट भाई ने भक्त प्रह्लाद का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि वरदान पाने के बाद हिरण्यकश्यप ने प्रभु नारायण के भक्तों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया। प्रह्लाद के जन्म के बाद हिरण्यकश्यप उसकी भक्ति से डर गया और उसे मारने की बहुत बार कोशिश की। इसके बाद भगवान विष्णु ने प्रह्लाद की रक्षा के लिए नरसिंह अवतार लिया। भक्त प्रहलाद ने भगवान की भक्ति से संकटों का सामना किया।

किरीट भाई ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है, इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना यह है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं।

कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है, जबकि शरीर नश्वर है। भागवत बताती है कि कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो, वही सच्ची भक्ति है। यह संसार भगवान का सुंदर बगीचा है। यहां चौरासी लाख योनियों के रूप में भिन्न- भिन्न फूल खिले हैं। जब-जब कोई गलत कर्मों से संसार रूपी भगवान के बगीचे को नुकसान पहुंचाने की चेष्टा करता है, तब-तब भगवान इस धरा धाम पर अवतार लेकर दुष्टों का विनाश करते हैं। अवसर पर मुख्य यजमान अतुल अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महामंत्री रूपेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, पंकज मिश्रा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### ईदगाह, बारहखंभा और नगला छउआ पर 116 करोड़ से बनेंगे तीन नए आरओबी...डीपीआर हुई तैयार

**आगरा।** आगरा के ईदगाह रेलवे स्टेशन के बाद बारहखंभा और नगला छउआ फाटक पर भी रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। इन तीनों आरओबी पर 116 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। तीनों आरओबी के बनने के बाद क्षेत्र के तकरीबन 1 लाख से अधिक लोगों को आवागमन में फायदा होगा। सदर तहसील तक सीधे बिना रुके जाकेंगे।

छावनी से भाजपा विधायक डॉ. जीएस धर्मेश ने मंगलवार को प्रेसवार्ता में बताया कि अर्जुन नगर, सराय ख्वाजा, नरीपुरा, धनौली, मलपुरा और जगनेर रोड से आने वाले लोगों को रुई की मंडी, शाहगंज, एमजी रोड की तरफ जाने के दौरान जाम से जूझना पड़ता है। आगरा कैंट पुल से एमजी रोड की तरफ जाने में काफी समय लगता है। खर्च अलग से बढ़ जाता है। इस समस्या को देखते हुए वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन दिया।

इसके बाद 65 करोड़ की डीपीआर बनी। इसके लिए लोक निर्माण विभाग से 17 करोड़ रुपये मिल गए। इसमें 12 करोड़ रेलवे और 5 करोड़ सेतु निगम को दिए गए। गति शक्ति योजना के अंदर देश के सभी रेलवे फाटकों को बंद करने के कारण नई डीपीआर बनाई गई। अर्जुननगर, बारहखंभा और नगला छउआ पर भी आरओबी का निर्माण जुड़ गया। इनकी लागत 116 करोड़ है। इस पर खर्च रेलवे करेगा। नगला छउआ फाटक पर आगरा कैंट से ईदगाह के लिए ट्रेन जाती हैं। वहीं, बारहखंभा फाटक से राजस्थान की तरफ जाने वाली ट्रेन निकलती हैं।

विधायक डा. जीएस धर्मेश ने बताया कि आरओबी तैयार होने के बाद एक लाख लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी। ईदगाह रेलवे स्टेशन के आरओबी से मात्र दो से तीन मिनट में तहसील चौराहे तक जा सकेंगे। रुई की मंडी रेलवे फाटक भी बंद होगा।

### जज्बे को सलाम: 12वीं के छात्र ने बनाया फ्लाइंग जेट का मॉडल, 900 मीटर ऊंचाई तक उड़ाया



**वाराणसी, एजेंसी।** सेवापुरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बनौली के बारहवीं के छात्र विवेक दुबे ने फ्लाइंग जेट का मॉडल बनाया है। करीब 11 हजार रुपये की लागत से बनाए गए इस जेट को उन्होंने 900 मीटर की ऊंचाई तक उड़ाकर लोगों को दिखाया। इसकी जानकारी मिलने के बाद एसडीएम राजातालाब विवेक के घर पहुंचे और उनके द्वारा बनाए गए मॉडल की सराहना की।

इसके बाद उन्होंने पहले कागज काटकर उसका डेमो तैयार किया और फिर सोशल मीडिया का भी सहारा लिया। उन्होंने यह भी बताया कि पढ़ाई के लिए मिलने वाले पैसों में से कुछ बचत कर और गांव के ही बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर कुछ धन एकत्र किया। विवेक ने बताया कि करीब 11 हजार रुपये का सामान खरीदकर उन्होंने जेट का मॉडल तैयार किया। इसमें कंट्रोल रिसीवर और ट्रांसमीटर भी लगाया गया, जिसके माध्यम से जेट को ऊपर-नीचे करने एवं दिशा देने का काम किया जाता है। विवेक अपने जेट मॉडल को गांव के सिवान में लेकर उड़ाने का प्रयास कर रहे थे, तो कई बार जेट क्रैश होकर गिर गया, लेकिन हार न मानते हुए उन्होंने अंततः जेट मॉडल को उड़ाने में सफलता पाई। एसडीएम राजातालाब शांतनु कुमार ने विवेक के प्रयास की सराहना की।

**गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड विदित)

पंजीकृत कार्यालय: 6वां तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014,
शाखा कार्यालय: 2बी, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
सुरक्षित अचल संपत्ति की बिक्री सरफैसी अधिनियम के अन्तर्गत

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (जिसे आगे "अधिनियम" कहा गया है) के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पढ़कर जारी। सार्वजनिक रूप से सामान्यत: तथा विशेष रूप से ऋणधारक/ सह-ऋणधारक/ मॉर्गेजर(रों)/ गारंटर(रों) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बंधक रखी गई हैं (जिसे आगे अधिनियम के अनुसार "सुरक्षित ऋणदाता" कहा गया है), जिनका कब्जा सुरक्षित ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदान की गई शक्तियों के प्रयोग के तहत तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियमों के नियम 8 और 9 के साथ पढ़कर धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस के अनुपालन में ले लिया गया है।

बिक्री के विवरण: सुरक्षित संपत्तियाँ 'जैसा है जहाँ है', 'जैसा है जैसा है', और 'जो कुछ है वही है' के आधार पर **29.12.2025** को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। यह सार्वजनिक को सूचित किया जाता है कि बिक्री https://www.bankeauctions.com. वेबसाइट पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

बिक्री के विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया GHFL के/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें: www.grihumhousing.com.

| क्र. सं. | प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम [ए] | मांग सूचना की तिथि एवं बकाया राशि [बी] | कब्जे का प्रकार [सी] | सम्पत्ति का विवरण [डी] | आरक्षित मूल्य [ई] | ईएमडी (आरक्षित मूल्य का 10%) [एफ] | ईएमडी प्रस्तुत करने की तिथि [जी] | वृद्धि बोली [ए] | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय [आई] | नीलामी की तिथि और समय [जे] | ज्ञात बंधन/कोर्ट मामले यदि कोई हों [के] |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋण संख्या: HL0054010000000 5034637 रिजवान (ऋणधारक) साइरा (सह-ऋणधारक)** | **सूचना तिथि: 09.07.2025 कुल बकाया: रु. 1163457/-** (रुपये ग्यारह लाख तिरसठ हजार चार सौ पचास सात मात्र) 09.07.2025 तक भुगतान योग्य, साथ ही 14.85% वार्षिक ब्याज जो वास्तविकता तक लागू होगा। | **भौतिक** | वह सम्पूर्ण भूखण्ड संख्या 36, क्षेत्रफल 124.16 वर्ग यार्ड्स, जो खसरा संख्या 415 और 416 से संबंधित है, जो ग्राम मल्हीपुर दरआबादी न्यू कॉलोनी, परगना, तहसील एवं जिला सहारनपुर में स्थित है, **जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार हैं: पूर्व:** भूखण्ड संख्या 35, **पश्चिम:** भूखण्ड संख्या 37, **उत्तर:** 18 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिण:** अन्य व्यक्ति का भूखण्ड। | **रु. 1675888/-** (रुपये सोलह लाख पिचहत्तर हजार आठ सौ अठ्ठासी मात्र) | **रु. 167588.80/-** (रुपये एक लाख सड़सठ हजार पाँच सौ अट्ठासी एवं अस्सी पैसे मात्र) | **27.12. 2025 को सायं 5 बजे से पहले** | **10,000/-** | **23.12. 2025 को (प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे तक)** | **29.12. 2025 को (प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)** | **शून्य** |

इच्छुक बोलीदाता/खरीदारों को सूचित किया जाता है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी जांच स्वयं करें तथा अतिरिक्त शुल्क, बकाया राशि, और किसी भी तीसरे पक्ष के हितों को स्पष्ट कर लें। उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे नीलामी प्रक्रिया से पहले इन सभी पहलुओं से संतुष्ट हैं। संपत्ति से संबंधित सभी कानूनी देनदारियाँ जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और अन्य बकाया राशि, यदि कोई हो, को सफल बोलीदाता द्वारा अदा किया जाएगा।

नीलामी प्रक्रिया के लिए आवश्यक पंजीकरण: इच्छुक बोलीदाता को पंजीकरण पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य है और इसके लिए वे लॉगिन आईडी और पासवर्ड एडवांस में प्राप्त करेंगे, जो ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवश्यक है। पंजीकरण करने के लिए बोलीदाता को नीलामी सेवा प्रदाता C1 India Pvt Ltd से संपर्क करना होगा। सेवा प्रदाता का संपर्क विवरण: पता: प्लॉट नं 68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003, हेल्पलाइन नंबर: 7291981124, 25, 26, ईमेल: Support@bankeauctions.com **सम्पर्क व्यक्ति: धरणी पी, ईमेल: dharani.p@c1india.com सम्पर्क नम्बर: 9948182222** । कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को **Earnest Money Deposit (EMD)** की राशि NEFT/RTGS/DD के माध्यम से **"GRIHUM HOUSING FINANCE LIMITED & AUCTION PROCEEDS A/C"**, बैंक **ICICI BANK LTD** में जमा करनी होगी। खाता संख्या: 091501000028 IFSC कोड: ICIC0000915 शाखा: ICICI Bank Ltd, पंचशील टेक पार्क, नियर गणपति चौक, 43/44 विमान नगर- 411014 यह राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **27.12.2025** तक जमा करनी होगी और बोलीदाता को **https//www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा, निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा तथा सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण भी प्राप्त करना होगा। पंजीकरण के बाद, बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रति अपलोड करनी होगी और स्वयं प्रमाणित हार्ड कॉपी को निम्नलिखित पते पर भेजना होगा: **पता: 2B, 1617, दिल्ली रोड, महाराजा पैलेस के पास, अहमद बाग, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश- 247001, मोबाइल नम्बर: +91 9567626050, ईमेल आईडी: rahul.r1@grihumhousing.com,**
**अधिक जानकारी के लिए: नीलामी के शर्तों और नियमों के लिए, कृपया निम्नलिखित वेबसाइट पर जाएं: https://www.bankeauctions.com एवं www.grihumhousing.com पर जाएं और ई-नीलामी में भाग लें।**

**यह सूचना 30 दिन का नोटिस के रूप में माना जाए, जैसा कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत ऋणधारक/ सह-ऋणधारक/ बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(रों) को दिया गया है।**

यदि किसी भी स्थिति में स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचारपत्र के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो The Hawk में प्रकाशित अंग्रेजी समाचारपत्र की सामग्री को मान्य माना जाएगा।

तिथि: 27.11.2025 स्थान: सहारनपुर

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड